छत्तीसगढ़ शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
मंत्रालय
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर
***Email ID- revenue.cg@nic.in*** दूरभाष क्रमांक 0771-2510994

क्रमांक ESTB-1/1315/2025/2025/सात-2 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 21 JUL 2025

प्रति,

समस्त कलेक्टर,
छत्तीसगढ़

विषय:- राजस्व विभाग के अंतर्गत पटवारी एवं उनसे ऊपर के अधिकारी/कर्मचारियों के वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन हेतु **SPARROW Portal** का उपयोग किए जाने बाबत्।

संदर्भ:- सामान्य प्रशासन विभाग का परिपत्र क्रमांक ESTB-109/7/2024-GAD-6, दिनांक 23.05.2025 एवं दिनांक 14.07.2025

,,,,,,

विषयांर्तगत संदर्भित पत्रों के माध्यम से राज्य शासन द्वारा मानव संसाधन प्रबंधन को डिजिटल रूप से सुदृढ़ करने के लिए राज्य के सभी शासकीय सेवकों के वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु एन.आई.सी. द्वारा विकसित SPARROW का उपयोग किए जाने के संबंध में मार्गदर्शी सिद्धांत जारी किए गए हैं।

2/ सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों के अनुक्रम में आपके जिले में पदस्थ पटवारी एवं उनसे ऊपर के समस्त राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों का वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन SPARROW Portal के माध्यम से प्रस्तुत किया जाना है। इस कार्य हेतु उपरोक्त सभी राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों का शासकीय CG e-Auth का I D बनाया जाना है तथा SPARROW Portal में वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन सृजित किया जाना है। इस कार्य हेतु संलग्न CG e-Auth ID तथा SPARROW EMD Form में अधिकारी/कर्मचारियों की समस्त बिन्दुओं में जानकारी Sign Copy में तथा Excel Format में सॉफ्ट कॉपी विभाग को उपलब्ध कराई जानी है।

3/ उल्लेखनीय है कि सामान्य प्रशासन विभाग के संदर्भित परिपत्र दिनांक 14.07.2025 के द्वारा वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन लिखे जाने हेतु समय-सीमा में वृद्धि की

गई है, जिसके अंतर्गत दिनांक 15.08.2025 तक स्व मूल्यांकन भरा जाना है। विभाग द्वारा निर्णय लिया गया है कि चालू वर्ष के वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन SPARROW Portal के माध्यम से ही प्रस्तुत किये जाने हैं। अतः समय-सीमा को दृष्टिगत रखते हुए उपरोक्त जानकारी एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से विभाग को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। समय-सीमा में जानकारी उपलब्ध नहीं कराने वाले तहसीलदारों के वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन में मूल्यांकन करते समय कृपया इस तथ्य की प्रविष्टि करें।

संलग्न- 1. CG e-Auth Form 2. SPARROW EMD Form

Digitally signed by
Avinash Champawat
Date: 21-07-2025
12:08:29

(अविनाश चम्पावत)
सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

पृ.क्रमांक **ESTB-1/1315/2025**/2025/सात-2 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 21 JUL 2025

प्रतिलिपिः-

1. आयुक्त, भू-अभिलेख छत्तीसगढ़, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर।
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण, छत्तीसगढ़।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, रायपुर विकास प्राधिकरण, रायपुर छत्तीसगढ़।
4. समस्त संभागायुक्त, छत्तीसगढ़।
5. संचालक, संपदा संचालनालय (गृह विभाग), महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर।

कृपया आपके कार्यालय में पदस्थ/प्रतिनियुक्ति पर राजस्व के कर्मचारी/अधिकारियों की उपरोक्तानुसार जानकारी संलग्न प्रपत्रों अनुसार निर्धारित समय-सीमा में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

Digitally signed by
ANVESH GHRITLAHRE
Date: 21-07-2025
16:42:32

उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

**CG e-Auth Form**

| First Name | Last Name | Designation | Department | State | country code | Mobile no. | Date of Retirement / Completion of Contract(Contractual employees / Consultants)(FormatDD-MM-YYYY) | Login UID | Complete Email address | Date of Birth (Format DD-MM-YYYY) Optional | Employee Code (Optional) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

**Blank E.M.D. Form**

DETAILS OF OFFICIALS FOR ROLE DEFINITION SPARROW

| | |
|---|---|
| Organisation Name | |
| Nodal Co-ordinator Name | |
| Nodal Co-ordinator Contact No. | |

| S.N. | Emloyee Code | Appellation | Emloyee Name | Nic Email ID | Mobile No. | Gender | Father's Name | Date of Birth | National ity | Religion | Category | Service | Organiz ation | Organization From Date | Designation | Designati on Joinin Date | Type of Appoint ment | Appoint ment Order Date | Roles | Allotment Year |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |

(Signature)
Name & Designation